# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो से मिलेगी विकास को रफ्तार : सचान

## एमएसएमई मंत्री ने कहा- यह प्रदर्शनी नहीं बल्कि उद्यमियों, कारीगरों और निवेशकों को आगे बढ़ाने का मंच



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का अवलोकन करते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। संवाद

**लखनऊ।** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को पूरा करने में एमएसएमई सेक्टर की अहम भूमिका है। 2018 में उत्तर प्रदेश से शुरू हुई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना को प्रधानमंत्री ने पूरे देश में लागू किया और अब उसी तर्ज पर वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन लाई जा रही है।

मंत्री राकेश सचान शुक्रवार को गोमतीनगर के विभूतिखंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि प्रदेश के उद्यमियों, कारीगरों और निवेशकों को आगे बढ़ने का मंच है, जिससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

यह ट्रेड एक्सपो पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, ओडीओपी और इनवेस्ट यूपी के सहयोग से आयोजित किया गया है। इसमें देशभर के नीति निर्माता, निर्यातक, कारीगर, वित्तीय संस्थान और उद्यमी भाग ले रहे हैं। एक्सपो में 400 से अधिक एक्जीबिटर्स शामिल हैं। विशेष ऑटो एक्सपो में आधुनिक तकनीक और नए डिजाइनों की झलक देखने को मिल रही है। साथ ही ऑन-साइट टेस्ट ड्राइव की सुविधा भी दी गई है। इस आयोजन को कई राष्ट्रीय संस्थाओं और राज्यों का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। संवाद